रेलवे स्पॉन की अनुमति को लेकर उलझा मुद्दा

▶ एमआर 12 रेल्वे ओवर ब्रिज को लेकर आईडीए में बैठक

इंदौर. मास्टर प्लान की एमआर-12 सड़क पर रेल्वे ओवर ब्रिज को लेकर मंगलवार को आईडीए सभागृह में बैठक हुई. बैठक में मुख्य मुद्दा रेलवे स्पॉन की अनुमति को लेकर उलझा हुआ है. उक्त ब्रिज को पहले आईडीए 6 लेन चौड़ा बनाने वाला था. इसके लिए रेल्वे से अनुमति भी मिल गई थी. पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उक्त रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर मामला पेचीदा हो गया है. आज आईडीए सभागृह में संभागायुक्त डॉ सुदामा खाड़े ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली. बैठक में एमआर-12 रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण को लेकर चर्चा हुई. बैठक का मुख्य मुद्दा रेलवे स्पॉन की अनुमति को लेकर उलझा हुआ है. बैठक में पश्चिम रेलवे के अधिकारी विशेष रूप से मौजूद थे. एमआर-12 पर छह लेन चौड़ी ब्रिज बनाना है, लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा तीन लेन ब्रिज का टेंडर एवं वर्क ऑर्डर कर दिया गया था. पीडब्ल्यूडी ने कैलोदहाला में ब्रिज निर्माण शुरू कर दिया है. रेलवे स्पॉन की अनुमति आईडीए के पास है, लेकिन रेलवे पीडब्ल्यूडी से सहमत नहीं है. इसी मुद्दे को लेकर आज बैठक हुई. बैठक में अब आईडीए और पीडब्ल्यूडी दोनों को अलग-अलग रेलवे की अनुमति लेने पर सहमत होने की संभावना बताई गई है. वहीं आईडीए एमआर 12 के तीन लेन फ्लाई ओवर ब्रिज के टेंडर अलग जारी करेगा, लेकिन रेल्वे की अनुमति की प्रत्याशा में.

सिंहस्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण

ध्यान रहे कि आने वाले सिंहस्थ को लेकर मास्टर प्लान की एमआर 12 सड़क पर यातायात की दृष्टि से रेल्वे ओवर ब्रिज महत्वपूर्ण है. उक्त ब्रिज निर्माण को लेकर आईडीए और पीडब्ल्यूडी दोनों रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण नहीं कोर कर सके, तो एमआर-12 सड़क निर्माण का फायदा यातायात सुगम बनाने में नहीं मिलेगा.

नीट पेपर लीक के विरोध में छात्रों ने किया कलेक्टोरेट का घेराव

3 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज़

इंदौर. नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण और छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर टंट्या भील चौराहे पर पिछले 16 दिनों से धरना दे रहे छात्रों ने मंगलवार को कलेक्टर भवन का घेराव किया. छात्रों ने शांतिपूर्ण पदयात्रा निकालकर एसडीएम अजय भुषण शुक्ला को 23 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, पेपर लीक पर प्रभावी रोक, दोषियों को कठोर दंड सहित 23 मांगें शामिल हैं। छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठाई. प्रदर्शन के बाद छात्रों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा. आंदोलन में विभिन्न सामाजिक संगठनों और युवाओं ने भी समर्थन दिया. हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर निकली पदयात्रा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए.

निष्पक्ष जांच हो...

अरुण बड़ोले

जितेंद्र एसके

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अरुण बड़ोले ने कहा कि लंबे समय से प्रदर्शन के बावजूद उनकी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके चलते उन्हें यह कदम उठाना पड़ा. छात्र नेता जितेंद्र एसके ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाएं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय हैं. उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की.

एक नजर में

सैमसंग के नए फोल्डेबल स्मार्टफोन होंगे अधिक पतले

इंदौर. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसीडेंट एवं सीईओ टीएम रोह ने कहा है कि जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिक स्मार्ट और व्यक्तिगत होता जा रहा है, डिवाइस का डिजाइन और उपयोग का अनुभव पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा. गैलेक्सी अनपैक्ड से पहले जारी अपने वक्तव्य में रोह ने कहा, जब एआई एक साथ कई कामों में हमारी मदद करता है, तब ऐसी स्क्रीन, जिसे मोड़ा और खोला जा सके, उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं पैदा करती है. यही फोल्डेबल स्मार्टफोन की सबसे बड़ी खासियत है. इन्हें मोड़कर आसानी से जेब या हाथ में रखा जा सकता है और खोलने पर बड़ी स्क्रीन का अनुभव मिलता है. इसी दिशा में सैमसंग लगातार अपने फोल्डेबल डिवाइसों को अधिक पतला, हल्का, मजबूत और बेहतर बना रहा है. उन्होंने कहा कि एआई का अगला दौर केवल सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह उपयोगकर्ताओं की जरूरतों के अनुसार उनकी मदद करने वाला डिजिटल सहायक बनेगा. हालांकि अंतिम निर्णय हमेशा उपयोगकर्ता का ही रहेगा.

बर्गंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 की पांचवीं सूची जारी

इंदौर. एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग व्यवसाय, बर्गंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने आज भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची का पांचवां संस्करण, 2025 बर्गंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 जारी किया. इन कंपनियों का सामूहिक मूल्य 3.4 ट्रिलियन डॉलर है, जो एक ऐसे कॉर्पोरेट परिदृश्य को दर्शाता है जहाँ बड़े पैमाने के विकास के साथ-साथ व्यापक उद्यमिता, मजबूत बुनियादी आधार और पारंपरिक विकास केंद्रों से परे एक व्यापक उपस्थिति देखने को मिल रही है. इस रिपोर्ट के लॉन्च पर एक्सिस बैंक की ग्रुप हेड- कार्ड्स, पेमेंट्स और वेल्थ मैनेजमेंट, अर्निका दीक्षित ने कहा भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सफलता का जश्न मनाते हुए, बर्गंडी प्राइवेट को एक बार फिर हुरुन इंडिया के साथ काम करने की बहुत खुशी है. 2025 बर्गंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 रिपोर्ट दिखाती है कि भारत के कारोबार जगत में लगातार सुधार हो रहा है. कंपनियां न सिर्फ बड़ी हो रही हैं, बल्कि वे बदलते समय के साथ खुद को ढाल रही हैं, हर दौर में निवेश कर रही हैं और आगे बढ़ने के नए रास्ते खोज रही हैं. अब यह साफ दिख रहा है कि मुनाफे और तरक्की के रास्ते पहले से कहीं ज्यादा बदल चुके हैं. यह तेजी अब सिर्फ बड़े और पुराने शहरों तक सीमित नहीं है, बल्कि नए तरह के बिजनेस और बाजारों तक फैल रही है.

जोमैटो के सहयोग से टिंकूज के सालाना ऑर्डर में वृद्धि

इंदौर. इंदौर के मशहूर, प्रामाणिक और आधुनिक कैफे ब्रांड, टिंकूज़ ने जोमैटो से जुड़ने के बाद से अपने सालाना ऑर्डर में लगभग 2.6 गुना की शानदार वृद्धि दर्ज की है. 1997 में हेमंत कौल द्वारा शुरू किए गए इस ब्रांड ने ग्राहकों को अच्छी गुणवत्ता वाला भोजन परोसने के स्पष्ट लक्ष्य और उनकी पसंद की गहरी समझ के साथ एक लंबा सफर तय किया है. आज शहर में इस ब्रांड के 10 आउटलेट्स हैं और यह अपने खास सैंडविच, कॉफी और कस्टमर-फर्स्ट सोच के लिए जाना जाता है. इस सफर के बारे में बात करते हुए टिंकूज़ के संस्थापक हेमंत कौल ने कहा हमारा लक्ष्य एक ऐसा ब्रांड बनाना था जो ग्राहकों के बदलते स्वाद को समझे और उन्हें हमारे सैंडविच व कॉफी के ज़रिए एक बेहतरीन और ताज़ा स्वाद दे सके. ग्राहकों के बीच ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग के बढ़ते चलन के साथ, जोमैटो के सहयोग से हम अपने फिजिकल आउटलेट्स से बाहर भी अधिक लोगों तक पहुंचने में सफल रहे. जोमैटो के सीईओ आदित्य मंगला ने कहा टिंकूज़ जैसे रेस्तरां को अपनी मूल पहचान बनाए रखते हुए इतनी शानदार ग्रोथ करते देखना हमेशा उत्साहजनक होता है. उनकी पहुंच बढ़ाकर और ग्राहकों को बेहतर सेवा देने में मदद करके उनकी इस यात्रा का हिस्सा बनना ही हमारा मिशन है.

अमेजन का मेगा फुटबॉल फेस्ट स्टोर शुरू

इंदौर. जैसे-जैसे फुटबॉल का बुखार अपने चरम पर पहुंच रहा है, अमेजन .इन का मेगा फुटबॉल फेस्ट प्रशंसकों के लिए इस अनुभव को यादगार बनाने के लिए सब कुछ एक साथ लेकर आया है. मैच के लिए तैयार फुटबॉल और ऑफिशियल टीम जर्सी से लेकर स्मार्ट टीवी, प्रोजेक्टर, स्ट्रीमिंग डिवाइस, फिटनेस वियरेबल्स और मैच के दिन काम आने वाले जरूरी सामान तक—नाइकी, एडिडास, प्यूमा, सैमसंग, बोट, निविया, निन्जा और वूप जैसे अग्रणी ब्रांड्स के साथ ग्राहक मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह खुद को तैयार कर सकते हैं. चाहे आप मैच शुरू होने से पहले अपने कौशल को निखार रहे हों या घर पर स्टेडियम जैसा माहौल बना रहे हों, इस स्टोरफ्रंट पर प्रो की तरह ट्रेनिंग करने और दोस्तों व परिवार के साथ अपनी पसंदीदा टीम का हौसला बढ़ाने के लिए सब कुछ मौजूद है.. सभी जरूरी चीजें एक ही जगह होने से, फैंस इस टूर्नामेंट सीज़न में इस खूबसूरत खेल के रोमांच को अपने घर ला सकते हैं.

क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन ने नेक्स्ट-जेनरेशन इनोवेशन पेश किए

इंदौर. क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ने आज खरीफ 2026 सीज़न के लिए छह नेक्स्ट-जेनरेशन इनोवेशन लॉन्च करने की घोषणा की. बदलते कीड़ों के दबाव, मौसम के बदलते पैटर्न और बीमारियों के बदलते डायनामिक्स को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया यह नया पोर्टफोलियो, बहुत ज़्यादा रिसर्च, फ़ील्ड की कड़ी जांच और किसान-केंद्रित प्रोडक्ट डेवलपमेंट के ज़रिए बनाया गया है. क्रिस्टल ने सोयाबीन के लिए समोरियन, मक्के में खरपतवार के लिए टाकुरो, धान के लिए ज़ेबेरिया, डुअल-एक्शन फंगीसाइड मैक्सेंट्रा, कॉटन चूसने वाले कीड़ों के लिए वाल्टूवा और अपने ग्रीनएजी पेटेंटेड ऑर्गेनिक स्मार्ट न्यूट्रिशन सॉल्यूशन केजीआर-टी के लॉन्च की भी घोषणा की. क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अंकुर अग्रवाल ने कहा मौसम की अनिश्चितता, बदलते कीट और हर एकड़ से बढ़ती उम्मीदें खेती में नए इनोवेशन की नई पीढ़ी की मांग करती हैं. ये छह टेक्नोलॉजी किसानों को प्रोडक्टिविटी, प्रॉफिट और लंबे समय तक चलने वाली सस्टेनेबिलिटी को बेहतर बनाने में मदद करने के हमारे कमिटमेंट को दिखाती हैं.

अंतरराष्ट्रीय जावा येज्दी दिवस ने 24वां संस्करण मनाया

इंदौर. अंतरराष्ट्रीय जावा-येज़्दी दिवस (आईजेवाईडी) ने 12 जुलाई को अपना 24वां संस्करण मनाया. हर साल जुलाई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला आईजेवाईडी, एक छोटे से मालिक-संचालित प्रयास से बढ़कर एक ऐसी वैश्विक परंपरा बन गया है जिसे विभिन्न पीढ़ियों के राइडर्स ने अपनाया है. इस साल, इस उत्सव ने भारत के 150 से अधिक शहरों में 7,500 से ज़्यादा राइडर्स और 40 से अधिक उत्साही कम्युनिटीज़ को एक साथ लाया. सीमाओं से परे, यह आंदोलन 11 देशों तक पहुंचा, जहां राइडर्स ने स्थानीय राइड्स, सामुदायिक समारोहों और डिजिटल भागीदारी के माध्यम से इस अवसर को मनाया. अनुपम थरेजा, सह-संस्थापक, क्लासिक लेजेंड्स ने कहा चौबीस साल पहले, अंतरराष्ट्रीय जावा-येज़्दी दिवस राइडर्स के बीच अपने पसंदीदा मोटरसाइकिलों को मनाने के एक सरल जुनून के रूप में शुरू हुआ था. आज, यह एक वैश्विक परंपरा बन चुका है जो सीमाओं और पीढ़ियों से परे है. जो बात आईजेवाईडी को वास्तव में खास बनाती है, वह यह है कि यह खुद राइडर्स का है. हर राइड, हर मुलाकात और हर साझा कहानी इस विरासत को जीवित रखती है.

मुख्यमंत्री से मिले महापौर, विकास कार्यों की दी जानकारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के पश्चिम क्षेत्र में नवनिर्मित जिला अस्पताल का बुधवार को मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे. मुख्यमंत्री ने महापौर से मुलाकात में उक्त कार्यक्रम की स्वीकृति दी.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल भोपाल प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की थी. इस दौरान उन्होंने इंदौर में नवनिर्मित जिला अस्पताल के जल्दी लोकार्पण का आग्रह किया. महापौर के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने जिला अस्पताल का उद्घाटन करने की सहमति दी. इस दौरान महापौर ने शहर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मुख्यमंत्री से चर्चा भी की. इसके अलावा महापौर ने भोपाल में वरिष्ठ अधिकारी मनु श्रीवास्तव से भी मुलाकात कर इंदौर में सोलर ऊर्जा से संबंधित योजनाओं की प्रगति और तेजी से आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की. बैठक में शहर में अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने तथा सोलर योजनाओं के क्रियान्वयन पर जोर दिया गया. महापौर ने कहा कि राज्य सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन से शहर में स्वास्थ्य, ऊर्जा और विकास से जुड़ी योजनाओं को और अधिक गति मिलेगी.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में तीन बड़े आयोजनों में होंगे शामिल

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 जुलाई को इंदौर प्रवास के दौरान कृषि, विमानन और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री दोपहर 2 बजे लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी में 'बलराम कृषि महोत्सव-2026' का राज्य स्तरीय शुभारंभ करेंगे. महोत्सव के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, कृषि उपकरणों और शासन की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी. कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी और पशुपालन विभाग की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी तथा उत्कृष्ट किसानों का सम्मान किया जाएगा. इसके बाद मुख्यमंत्री इंदौर-आबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे. मध्यप्रदेश नागरिक विमानन नीति-2025 के तहत वित्त-पोषित यह प्रदेश की पहली अंतर्राष्ट्रीय हवाई सेवा होगी. एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित यह उड़ान सप्ताह में चार दिन उपलब्ध रहेगी.

नई सेवा से मालवा-निमाड़ क्षेत्र के यात्रियों को यूएई तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और व्यापार, निवेश व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. मुख्यमंत्री आज के दिन जिला चिकित्सालय के नवनिर्मित 300 बिस्तरीय भवन का भी लोकार्पण करेंगे. लगभग 83 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित चार मंजिला भवन में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. इससे अस्पताल की उपचार क्षमता बढ़ेगी और इंदौर सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा.

ऑनलाइन परीक्षा का परिणाम घोषित

इंदौर. भारतीय सेना में भर्ती हेतु सेना भर्ती कार्यालय महू के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवारों की ऑनलाइन संयुक्त परीक्षा, जो कि सभी श्रेणियों के लिए 1 से 12 जून तक उज्जैन एवं इंदौर में संचालित की गई थी, उसका परिणाम 12 जुलाई 2026 को घोषित हो गया है. परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम भारतीय सेना की अधिकृत वेबसाइट पर देख सकते हैं. सेना भर्ती कार्यालय महू के डायरेक्टर ने बताया कि सभी श्रेणियों में सफल हुए उम्मीदवारों के लिए भर्ती रैली का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा हवलदार (एजुकेशन) एवं धर्मगुरु (जेसीओ) के सफल उम्मीदवारों के लिए आर्मी भर्ती जुलाई - अगस्त 2026 में स्पोर्ट्स कॉलेज सीहोर में आयोजित की जाएगी. उम्मीदवार किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कार्यालय महू की के टेलीफोन नंबर 76488 15570 पर संपर्क कर सकते हैं. भारतीय सेना में चयन पारदर्शी है और केवल योग्यता के आधार पर उम्मीदवार का चयन किया जाता है.

इंटर स्कूल स्नूकर टूर्नामेंट : मृत्युंजय, मनन, युग व शोभित अगले दौर में

इंदौर। नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी में चल रही 6वीं इंटर स्कूल 6 रेड स्नूकर टूर्नामेंट के बालक वर्ग के पहले दौर के मुकाबलों में मृत्युंजय वर्मा, मनन अग्रवाल, युग पटेल, शोभित प्रजापत और राघव सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। मृत्युंजय वर्मा ने ईशान राजदेव को 2-1 से हराया। मनन अग्रवाल ने अदनान को 2-1 से मात दी। युग पटेल ने ऋग्वेद राठी को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से शिकस्त दी। राघव सोनी ने अमिन मुलतानी पर 2-1 से करीबी जीत दर्ज की। शोभित प्रजापत ने उजेर खान को 2-0 से पराजित किया।

शहर में अवैध निर्माण और कॉलोनियों की निगरानी पीआईएमएस पोर्टल से

▶ नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अवैध कालोनियक्क रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा पीआईएमएस पोर्टल तैयार करवाया गया है. उक्त पोर्टल के माध्यम से निगम शहर में सेटेलाइट इमेज और जीआईएस तकनीक से शहर में नए एवं अवैध निर्माण, अवैध कॉलोनी का निगरानी करेगा. जहां अवैध कॉलोनी निर्माण होगी, उस पर तत्काल कार्रवाई करेगा.

शहर में अवैध निर्माण एवं अवैध कॉलोनियों पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से नगर निगम ने एमपीएसईडीसी के माध्यम से आधुनिक पीआईएमएस (प्रॉपर्टी इंफॉर्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम) पोर्टल तैयार करवाया गया है. उक्त पोर्टल से जीआईएस (जिओग्राफीक इंफॉर्मेशन सिस्टम) तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से निगम सीमा में निगरानी एवं स्थल पहचान की जा सकेगी. निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा के लिए शहर में विकास कार्यों की निगरानी डिजिटल प्लेटफॉर्म से की जाएगी. उक्त पोर्टल में जनवरी 2023 के बाद शहरी क्षेत्र में किए गए निर्माण कार्यों का सैटेलाइट इमेज सहित डाटा स्टोर है।

उन्होंने बताया कि पीआईएमएस पोर्टल से निगम अधिकारी किसी भी क्षेत्र में बड़े नवीन निर्माण कार्यों की सैटेलाइट इमेज द्वारा जानकारी लेकर अवैध निर्माण और कॉलोनी पर कारवाई कर सकेंगे.

पोर्टल में टीएनसीपी स्वीकृत नक्शों का विवरण भी शामिल

पीआईएमएस पोर्टल में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा स्वीकृत ले-आउट का विवरण भी शामिल किया गया है. इसके द्वारा शहर के किसी भी क्षेत्र में स्वीकृत एवं अवैध कॉलोनियों का विवरण देखा जा सकेगा. यदि किसी क्षेत्र में बिना स्वीकृति कॉलोनी विकसित की जा रही है, तो उसकी पहचान तुरंत होगी. इससे अवैध कॉलोनियों के विकास पर नियंत्रण किया जा सकेगा.

शहर में तापमान और उमस बढ़ेगी, बारिश की संभावना फिलहाल नहीं

▶ मानसूनी बारिश का लंबा ब्रेक

इंदौर. शहर में पिछले एक सप्ताह से बारिश गायब हो गई है. इससे शहर में तापमान में वृद्धि होगी और उमस बढ़ेगी. इसका कारण यह है कि फिलहाल प्रदेश और इंदौर में कही भी बारिश का प्रभावी सिस्टम सक्रिय नहीं है. बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों तक बारिश की कोई संभावना नहीं है.

शहर में मानसूनी बारिश 13 इंच पर अटक गई है. पिछले एक हफ्ते से शहर में बारिश नहीं होने से गर्मी और उमस बढ़ गई है. मानसूनी बारिश का लंबा ब्रेक फसलों से लेकर आम जीवन को प्रभावित करना शुरू कर चुका है. यही कारण है कि पिछले दो दिनों में तापमान वापस सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा 33.4 पर पहुंच गया है. वहीं रात का तापमान भी सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा 24.6 डिग्री दर्ज किया गया है। तेज हवाओं के दौर जारी रहेगा, लेकिन बारिश नहीं होगी. मानसूनी बारिश का लंबा अंतराल फसलों के लिए नुकसान दायक साबित हो रहा है. वहीं आम जीवन के लिए मौसम जनित बीमारी वायरल, सर्दी जुकाम, बुखार और उमस से पेट की तकलीफ उल्टी दस्त की शिकायतें बढ़ने लगी है. साथ ही प्रदूषण बढ़ने के साथ भू जल स्तर फिर गिरने लगेगा और पानी की कमी होना शुरू हो जाएगी.

कोई प्रभावी सिस्टम सक्रिय नहीं

मौसम वैज्ञानिक अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि बारिश के लिए शहर एवं प्रदेश में कोई प्रभावी सिस्टम सक्रिय नहीं है. साथ ही कम दबाव का क्षेत्र भी फिलहाल नहीं बन रहा है. अभी देश के उत्तरी क्षेत्र में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है और वहां बारिश हो रही है और होगी भी. प्रदेश में हवा तेज चलेगी, लेकिन फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है.

धूमधाम से मनाया गया श्री गोदा-रंगनाथ विवाहोत्सव

इंदौर. श्री ब्रह्मोत्सव एवं रथयात्रा महोत्सव 2026 के पंचम दिवस पर श्री गोदा-रंगनाथ विवाहोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान रंगनाथ की भव्य बारात निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भजन-कीर्तन, शहनाई, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक नृत्यों के बीच पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया।विवाहोत्सव में श्री नागोरिया पीठाधिपति स्वामी श्री विष्णुप्रपन्नाचार्यजी महाराज एवं संतों की उपस्थिति में भगवान श्री रंगनाथ और भगवती गोदाम्बजी का वैदिक रीति-रिवाजों से विवाह संपन्न कराया गया। इस दौरान वेणुगोपाल संस्कृत पाठशाला के आचार्यों एवं विद्यार्थियों ने वैदिक स्तोत्रों का पाठ किया, वहीं भजन गायक द्वारकादास मंत्री ने भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।रात्रि में प्रभु वेंकटेश की अश्व वाहन पर भव्य सवारी निकाली गई तथा परकाल लीला का मंचन किया गया। विशेष श्रृंगार में भगवान के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया।आयोजक पंकज तोतला ने बताया कि 15 जुलाई 2026 को प्रात:9 बजे देवस्थान में प्रणय कलह लीला का आयोजन होगा, जिसमें भगवान की सवारी निकलेगी। वहीं शाम 7 बजे पुष्प बंगले में प्रभु वेंकटेश के मनोहारी दर्शन होंगे। इस अवसर पर प्रख्यात श्री राधाकृष्ण जी महाराज के भजनों की प्रस्तुति भी होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

एक नजर में ▶ टावर चौराहा पर गट्टानी एंटरप्राइजेज के बाहर होता है भंडारा

ढाई वर्षों से हर अमावस्या को भंडारे की अविरल सेवा जारी

इंदौर. नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए शहर के टावर चौराहा स्थित गट्टानी एंटरप्राइजेज के बाहर प्रत्येक अमावस्या को भोजन प्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाता है. परोपकार की यह अनूठी परंपरा पिछले करीब ढाई वर्षों से लगातार तपने के साथ अनवरत रूप से जारी है, जहाँ हर अमावस्या को राहगीर, जरूरतमंद और स्थानीय लोग आदरपूर्वक भोजन ग्रहण करते हैं. इस पुनीत सेवा कार्य के प्रणेता मोहित बंगेजा हैं, जो अपनी पूरी टीम के साथ निस्वार्थ भाव से इस व्यवस्था को संभालते हैं. मोहित बंगेजा ने बताया कि इस भंडारे की शुरुआत समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और भूखे को अन्न प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी. देखते ही देखते इस सेवा कार्य को करीब ढाई वर्ष बीत चुके हैं. हर अमावस्या को यहाँ भोजन करने वालों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ती है, और सभी को बहुत ही प्रेम एवं आदर के साथ स्वादिष्ट और शुद्ध भोजन परोसा जाता है.

मोहित का कहना है हमारा उद्देश्य केवल भोजन कराना नहीं, बल्कि हर आने वाले व्यक्ति के चेहरे पर संतोष और सम्मान की मुस्कान देखना है. आयोजकों का मानना है कि अमावस्या के पावन दिन दान और सेवा का विशेष महत्व होता है. यही कारण है कि इस दिन यहाँ सुबह से ही प्रसादी वितरण की तैयारियाँ शुरू हो जाती हैं. राह चलते लोगों से लेकर मेहनत-मजदूरी करने वाले भाई-बहन यहाँ आकर तृप्त होते हैं.

स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में इंदौर सहित 6 टीमें अंतिम आठ में पहुंची

इंदौर. बास्केटबॉल काम्प्लेक्स में खेली जा रही मध्यप्रदेश राज्य सीनियर (महिला) बास्केटबॉल चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाईनल में रोमांचक मुकाबले खेले गए. एनबीए (इन्दौर) ने रतलाम को हराकर कर अंतिम 8 में अपनी जगह बनाई. भोपाल कार्पोरेशन को रीवा ने (45-44) एक अंक से पराजित कर अंतिम आठ में जगह बनाई. इसके अलावा उज्जैन, ग्वालियर और नीमच की टीम ने भी अंतिम आठ में प्रवेश किया.